समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# यूपी के जेवर मे लगेगी सेमीकंडक्टर यूनिट, 2000 लोगों को मिलेगा रोजगार, मोदी कैबिनेट ने दी मंजूरी।

Publisher
Published on 14 May 2025



## केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जेवर मे भारत की छठी सेमीकंडक्टर ईकाई को मंजूरी मिलने से 2000 लोगों को रोजगार मिलेगा. इस यूनिट मे 3706 करोड़ का निवेश किया जाएगा.

मोदी सरकार ने उत्तर प्रदेश के जेवर में भारत की छठी सेमीकंडक्टर इकाई को मंजूरी दे दी है. यह भारत की छठी सेमीकंडक्टर यूनिट होगी. केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट में लिए गए फैसले में बारे में बताते हुए कहा कि इनमें से एक इकाई में इसी साल उत्पादन शुरू हो जाएगा.

अश्विनी वैष्णव ने बताया, 'भारत में सेमीकंडक्टर मिशन के तहत अब तक 5 सेमीकंडक्टर इकाइयों को मंजूरी दी गई है और वहां तेजी से निर्माण कार्य चल रहा है. इनमें से एक इकाई में इसी साल उत्पादन शुरू हो जाएगा. इसी सिलसिले में एक और सुपर-एडवांस्ड इकाई को मंजूरी दी गई है. यह HCL और फॉक्सकॉन का संयुक्त उपक्रम है.'

2000 लोगों को मिलेगा रोजगार
केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जेवर में भारत की छठी सेमीकंडक्टर ईकाई को मंजूरी मिलने से 2000 लोगों को रोजगार मिलेगा. उन्होंने बताया, "सेमी कंडेक्टर यूनिट में 3706 करोड़ का निवेश होगा. यहां हर महीने 3.6 करोड़ डिस्प्ले ड्राइवर चिप बनेंगे. साल 2027 से इसका प्रोडक्शन शुरू हो जाएगा. एचसीएल-फॉक्सकॉन सेमीकंडक्टर संयंत्र में हर महीने 20,000 वेफर्स की मैन्यूफैक्चरिंग होगी."

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर भारत कि ताकत, नेतृत्व और हमारी सेना के रोल को दिखाता है. उन्होंने कहा, "ऑपरेशन सिंदूर भारत की पहचान, हमारे सशस्त्र बलों की भूमिका और जो निर्णायक नेतृत्व रहा है और जो नया सिद्धांत बना है, उसका एक बहुत ही महत्वपूर्ण उदाहरण है. यह वास्तव में देश के लिए एक प्रशंसनीय बात है. ऑपरेशन सिंदूर में भी साइंस एंड टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया गया. टेक्नोलॉजी भारत को बहुत बड़ी ताकत देती है और भविष्य के लिए मजबूत नींव रखती है."

'लेटेस्ट डिजाइन टेक्नोलॉजी पर कर रहे काम'

केंद्रीय मंत्री ने बताया, "सेमीकंडक्टर उद्योग अब पूरे देश में आकार ले रहा है. देश भर के कई राज्यों में विश्व स्तरीय डिजाइन सुविधाएं स्थापित हो चुकी हैं. राज्य सरकारें डिजाइन फर्मों को बढ़ावा देने के लिए जोर-शोर से प्रयास कर रही हैं. 270 शैक्षणिक संस्थानों और 70 स्टार्टअप में छात्र और उद्यमी नये उत्पादों के विकास के लिए वर्ल्ड क्लास लेटेस्ट डिजाइन टेक्नोलॉजी पर काम कर रहे हैं."

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, "भारत में लैपटॉप, मोबाइल फोन, सर्वर, मेडिकल इक्विपमेंट, पावर इलेक्ट्रॉनिक्स, रक्षा उपकरण और कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्यूफैक्चरिंग के तेजी से विकास के साथ सेमीकंडक्टर की मांग बढ़ रही है, यह नई इकाई पीएम मोदी के आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण को और आगे बढ़ाएगी."

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.